# छुट्टियां मनाने गए वुहान के लोगों को लाने के लिए विमान भेजेगा चीन

## डब्ल्यूएचओ ने भी करॉना को ग्लोबल इमरजेंसी घोषित कर दिया

**घोषणा**

करॉना से संबंधित सैंपलों की जांच एम्स समेत 6 और लैब में की जाएगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। चीन ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह करॉना वायरस प्रभावित यूबेई प्रांत के लोगों को विदेशों से वापस लाने के लिए चार्टर विमान भेजेगा। इस वायरस से सर्वाधिक प्रभावित वुहान, यूबेई प्रांत के भीतर ही आता है। ये लोग चीनी नव वर्ष के अवसर पर छुट्टियां मनाने देश के अन्य हिस्सों या विदेशों में गए थे। चीन के अधिकारियों ने बताया कि 23 जनवरी को यूबेई प्रांत के आधिकारिक रूप से बंद होने से पहले ही करीब 50 लाख लोग इस क्षेत्र से बाहर गए थे।

इस बीच, चीन के करॉना वायरस प्रभावित क्षेत्रों से जापान के नागरिक अपने देश पहुंचे हैं जिससे वहां लोगों में इस विषाणु के फैलने का खतरा बढ़ गया। दरअसल जापान ने चीन से आए लोगों को खुद से अलग रहने को कहा था, लेकिन एक फरवरी से इस नीति में बदलाव किया जाएगा। जापान के प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे निपटने के लिए एक जनवरी से संक्रमित लोगों के जापान में प्रवेश पर रोक लगेगी।



**भारतीयों को एयर लिफ्ट कराने की तैयारी में सरकार:** इस बीच भारत सरकार वुहान और इसके आसपास के इलाकों से भारतीयों को शुक्रवार शाम दो विमानों से एयर–लिफ्ट कराने की तैयारी में है। इसके लिए चीन ने अनुमति दे दी है। दिल्ली में कैबिनेट सेक्रेटरी ने हाई लेवल मीटिंग कर हालात का जायजा लिया। इसमें तय हुआ कि 15 जनवरी के बाद चीन से भारत आए हर शख्स की जांच की जाएगी और उन्हें घर पर ही 14 दिनों तक अलग रखा जाएगा। शुक्रवार को 423 सीटों वाला एयर इंडिया का एक विमान चीन जाएगा। यूबेई में करीब 600 भारतीयों ने वहां से निकलने के लिए दूतावास से हॉटलाइन पर संपर्क किया है। यह भी तय हुआ कि टूरिस्ट स्पॉट पर चेकिंग पॉइंट बनेंगे। करॉना से संबंधित सैंपलों की जांच एम्स समेत 6 और लैब में की जाएगी।

करॉना वायरस ने दुनियाभर के लोगों में दहशत फैला दी है। डब्ल्यूएचओ ने भी गुरुवार को करॉना को ग्लोबल इमरजेंसी घोषित कर दिया। करॉना के केंद्र चीनी शहर वुहान में 30 जनवरी को मास्क पहले एक व्यक्ति की सड़क पर ही मौत हो गई। हालांकि यह पुष्टि नहीं हुई है कि इस शख्स की मौत की वजह वायरस है या फिर कुछ और।

## न्यूज डायरी



### ट्रंप महाभियोगः अमेरिकी संसद नए गवाहों की मांग पर मतदान के लिए तैयार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिकी सांसदों ने राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के महाभियोग मुकदमे में वाइट हाउस के वकीलों और सदन के अभियोजकों से दो दिन तक गहन पूछताछ की प्रक्रिया समाप्त कर ली है। इसके बाद नए गवाहों को पेश करने की डेमोक्रेट्स की मांग पर शुक्रवार को होने वाले मतदान का मंच पूरी तरह तैयार हो गया है। डेमोक्रेटिक पार्टी के मुख्य अभियोजक एडम शिफ ने प्रक्रिया लंबी खिंचने को लेकर चौकस रिपब्लिकन सांसदों पर जीत का आखिरी दांव चलते हुए नए गवाहों की गवाही लेने के लिए एक हफ्ते की समय सीमा का प्रस्ताव रखा है। कैलिफोर्निया के सांसद ने ऐतिहासिक मुकदमे में ज्यूरी के तौर पर मौजूद 100 सांसदों से कहा, "हम एक तार्किक गुंजाइश बरकरार रखते हैं। उन्होंने कहा, "हम एक हफ्ते का समय और लेंगे और उसके बाद आप संसदीय कामकाज जारी रख पाएंगे। वाइट हाउस के उप वकील पैट्रिक फिलबिन ने कहा, उन्होंने कई हफ्तों तक कहा है कि यह स्पष्ट मामला है। उन्होंने पूछा, अगर यह उनका दावा है, तो उन्हें और प्रत्यक्षदर्शियों की क्या जरूरत है?

### पाक सरकार ने इमरान खान की तनख्वाह में चार गुणा वृद्धि की खबर खारिज की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। नकद संकट से जूझ रही पाकिस्तान सरकार ने प्रधानमंत्री इमरान खान की तनख्वाह में चार गुणा वृद्धि की खबरों को 'बेबुनियाद' करार दिया है। मीडिया में इस आशय की खबर आयी है। यह स्पष्टीकरण तब आयी जब खबरों में दावा किया गया कि प्रधानमंत्री की कुल तनख्वाह 2,01,574 रूपये से बढ़कर अब 8,00,000 रूपये होगी। 'डॉन न्यूज' के अनुसार प्रधानमंत्री कार्यालय के प्रवक्ता ने कहा, '' जब प्रधानमंत्री सरकार के खर्च घटाने का अभियान चला रहे हैं, ऐसे में ऐसी बेबुनियाद एवं मनगढंत खबर दुर्भाग्यपूर्ण है।'' खबरों के मुताबिक खान ने हाल ही में कहा था कि वह सरकारी तनख्वाह से अपना घरेलू खर्च नहीं संभाल पा रहे हैं। खान ने कहा था, '' हमने प्रधानमंत्री आवास का खर्च 40 फीसद घटा दिया है। मैं अपने घर में रहता हूं और खुद अपने खर्च का भुगतान करता हूं।

### अमेरिका–तालिबान वार्ता के बीच अफगानिस्तान में हिंसा बढ़ीः प्रहरी संस्था

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। अमेरिकी सरकार की एक प्रहरी संस्था ने शुक्रवार को कहा कि 2019 की आखिरी तिमाही में अफगानिस्तान में हिंसक हमलों की संख्या रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। यह काबुल में तुलनात्मक रूप से शांति होने के बावजूद देश के अन्य हिस्सों में संघर्ष में लोगों के लगातार मारे जाने को रेखांकित करता है। देश की राजधानी और अन्य शहरी इलाकों में पिछले करीब दो महीने से कोई बड़ा हमला नहीं हुआ है, जबकि पहले शहरी इलाकों में अक्सर होने वाले बड़े हमलों में बड़े पैमाने पर लोग हताहत होते थे। अमेरिका और तालिबान के बीच शांति वार्ता जारी रहने के बावजूद ग्रामीण प्रांतों में संघर्षों में कोई कमी नहीं आई है और यहां लड़ाई की खबरें रोजाना आती हैं। अमेरिका और तालिबान अफगानिस्तान से अमेरिकी बलों के रवाना होने के संभावित सौदे पर बात कर रहे हैं। अफगानिस्तान पुनर्निर्माण के लिए एसआईजीएआर के मुताबिक पिछले साल "दुश्मन की तरफ से शुरू किए हमलों" की संख्या काफी बढ़ी जहां अंतिम तिमाही में कुल 8,204 हमले हुए हैं।

### रूस में एक फैक्ट्री में गैस विस्फोट से पांच लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मास्को। रूस में शुक्रवार को एक फैक्ट्री में गैस विस्फोट होने से पांच लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। आपात अधिकारियों ने बताया कि रूस के मध्य ओरियोल क्षेत्र में यह घटना हुई। विस्फोट से इंजीनियरिंग कार्य से संबंधित निर्माणाधीन इमारत पूरी तरह से गिर गया। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि विस्फोट किस वजह से हुआ। रूस की मीडिया के अनुसार सभी घायल लोग तुर्की के नागरिक हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। स्थानीय पुलिस ने आपराधिक जांच शुरू की है।

## पाक में करॉना वायरस के खौफ के कारण सीपीईसी का काम रुका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। जानलेवा करॉना वायरस के खौफ के कारण पाकिस्तान के प्रांत पंजाब के दक्षिणी हिस्से में जारी सीपीईसी की परियोजनाओं का काम गुरुवार को रोकना पड़ा। पाकिस्तानी मीडिया में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, इस इलाके में सीपीईसी परियोजनाओं में कार्यरत चीन के 71 इंजिनियरों और सुरक्षाकर्मियों की स्वास्थ्य जांच की जा रही है।

यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि हाल में चीन की यात्रा करने वाले इन लोगों के शरीर में किसी तरह का कोई संक्रमण तो नहीं है। इस वजह से इलाके में परियोजनाओं का काम रुक गया है। कोरोना वायरस के संक्रमण के मामले पंद्रह देशों में सामने आए हैं लेकिन इसका केंद्र चीन है जहां इसकी चपेट में आने से कम से कम 170 लोगों की अब तक मौत हो चुकी है। चीन में 7711 रोगियों में इस वायरस के होने की पुष्टि की गई है जिनमें वुहान में शिक्षा ले रहे चार पाकिस्तानी विद्यार्थी भी शामिल हैं।

चीन में कोरोना वायरस के प्रकोप की चपेट में पाकिस्तान के आने की आशंका सबसे अधिक जताई जा रही है। सिर्फ यही नहीं कि दोनों देशों की सीमा एक–दूसरे से लगी है बल्कि सीपीईसी परियोजना के कारण बड़ी संख्या में चीनी पाकिस्तान में कार्यरत हैं। उनका पाकिस्तान आना–जाना लग रहता है।



टैंकर में आग लगने से दो भारतीय नाविकों की मौत, कई अन्य लापता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। पनामा–ध्वज वाले टैंकर में संयुक्त अरब अमीरात के तट के पास आग लगने से दो भारतीय नाविकों की मौत हो गई और कई अन्य लापता हो गए। 'खलीज टाइम्स' की खबर के अनुसार भूमि व समुद्री परिवहन के संघीय प्राधिकरण ने बताया कि टैंकर में बुधवार शाम आग तब लगी जब वह यूएई तट से 21 मील दूर था। दमकल कर्मियों ने तुरंत उस पर काबू पा लिया था। उसने कहा कि लापता लोगों की तलाश जारी है। प्राधिकरण ने एक बयान में कहा कि सूचना मिलने के बाद बचाव एवं आपात प्रतिक्रिया दलों ने चालक दल के सदस्यों को बचाया।

## करॉना वायरस का खौफ, जब जहाज से उतर गए 6,000 लोग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

रोम। दुनियाभर के लोगों में करॉना वायरस के कहर से खौफ में हैं। अब इटली में एक क्रूज शिप पर एक यात्री में करॉना के लक्षणों को देखने के बाद मौजूद 6,000 लोगों को जहाज से उतरने की अनुमति दे दी गई है। बता दें कि स्वास्थ्य अधिकारियों ने जहाज पर मौजूद एक चीनी यात्री में करॉना वायरस के लक्षण होने की जानकारी दी थी। लेकिन जांच के बाद यात्री की रिपोर्ट नेगेटिव मिली।

करॉना के लक्षण मिलने के बाद 54 वर्षीय चीनी महिला को उनके पति के साथ जहाज पर अलग रखा गया था। लेकिन

■जांच के बाद यात्री की रिपोर्ट नेगेटिव मिली

जांच के बाद उनके करॉना से संक्रमित न होने की पुष्टि हुई। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने करॉना वायरस को ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी घोषित कर दिया है। चीन में करॉना से मरने वालों की संख्या 213 हो चुकी है जबकि 10,000 से ज्यादा लोग इसकी चपेट में है। कोस्टा स्मरैल्डा क्रूज शिप उत्तरी रोम में चिविदवैकिया बंदरगाह पर था।

खबरों के मुताबिक, जहाज पर जिस महिला के संक्रमित होने का संदेह था, उन्होंने हॉन्ग कॉन्ग से क्रूज पकड़ने के लिए फ्लाइट ली थी। जहाज पर सवार होने के बाद उन्हें बुखार हो गया। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि रोम के स्पालैंजा अस्पताल में उनका सैंपल लिया गया, जिसे करॉना के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने जांचा और रिपोर्ट को निगेटिव करार दिया। चिविदवैकिया के मेयर ने अधिकारियों से कहा था कि जब तक मेडिकल टेस्ट न हो जाए, लोगों को जहाज से उतरने से रोकें। लेकिन गुरुवार को यात्रियों ने जहाज से उतरना शुरू कर दिया।

बता दें कि इटली के प्रधानमंत्री ग्यूसेपे कान्ते ने देश में करॉना वायरस के दो मामलों की पुष्टि की थी। ये दोनों मामले चीन से आए दो टूरिस्ट के थे और इसके बाद चीन व इटली के बीच सभी फ्लाइट्स को रोक दिया गया।

### तस्करों ने अमेरिका–मैक्सिको के बीच बना डाली 1.5 किलोमीटर लंबी सुरंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सैन डिएगो। बुधवार को अमेरिकी अधिकारियों ने दुनिया की सबसे लंबी स्मगलिंग सुरंग खोजने का दावा किया। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि अमेरिका–मैक्सिको के साउथवेस्ट बॉर्डर पर यह सुरंग मिली है। इस सुरंग के जरिए मैक्सिको के शहर तिजुआना के इंडस्ट्रियल साइट से सैन डिएगो को जोड़ा गया था। इस सुरंग में एक बड़ा रेल सिस्टम, एयर वेंटिलेशन, हाई वोल्टेज इलेक्ट्रिकल केबल ऐंड पैनल जैसी सुविधाएं हैं। इसके अलावा सुरंग की एंट्री पर लिफ्ट और एक ड्रेनेज सिस्टम भी है। लिफ्ट को खोजने वाले अधिकारी उस समय चौंक गए जब उन्होंने पाया कि सुरंग की लंबाई फुटबॉल के 14 मैदानों से भी लंबी है। अमेरिका में अभी तक इसका कन्फर्म एग्जिट पॉइंट नहीं मिला है। इसके अलावा अभी किसी तरह के ड्रग की भी बरामदगी नहीं हुई है। इस मामले में अभी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। बॉर्डर पर पेट्रोल ऑपरेशंस सुपरवाइजर लांस लेनॉयर ने कहा, "यह दूसरी सबसे बड़ी सुरंग है। हमने कभी नहीं सोचा था कि वे इतना बड़ा कुछ कर सकते हैं। उन्होंने मुझे चौंका दिया है।